केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation under the Ministry of Education, Govt. of India)

संख्या सीबीएसई/सीई/पीएस/समन्वय/2023 दिनांक 20.09.2023

अनुस्मारक-3

सेवा में
सीबीएसई से संबद्ध विद्यालयों
के सभी प्रधानाचार्यगण

विषय: अभ्यर्थी सूची 2023-24 जमा करते समय सही जानकारी/डेटा भरने की अंतिम तिथि में कोई विस्तार नहीं।

प्रिय महोदया/ महोदय,
यह पत्र क्रमांक CBSE/CE/PS/Coord/2023 दिनांक 06.09.2023 और CBSE/LOC-X/XII/2023-24 दिनांक 15.09.2023 के क्रम में है, जिसके तहत सभी विद्यालयों के प्रमुखों को अंतिम तिथि यानी 28/09/2023 की प्रतीक्षा किए बिना अपनी अभ्यर्थी सूची (कक्षा X और XII के लिए) 2023-24 प्रस्तुत करने का काम पूरा करने का निर्देश दिया गया था।
सभी विद्यालयों को पुन: एक बार एलओसी में डेटा सही ढंग से जमा करने के महत्व से अवगत कराया जाता है और अभ्यर्थियों की जानकारी भरने से पहले एलओसी अधिसूचना संख्या सीबीएसई/एलओसी/2023-24/दिनांक 17/08/2023 को सावधानीपूर्वक पढ़ने का निर्देश दिया जाता है। विवरण भरने के लिए नियुक्त कर्मचारियों को उक्त परिपत्र में निर्धारित सभी दिशानिर्देशों से अवगत कराया जाना चाहिए ताकि गलती न हो। माता-पिता को सही डेटा के महत्व और गलत डेटा जमा करने पर परिणाम के बारे में भी अवगत किया जाए। एलओसी जमा करने के बाद विषय सुधार पर किसी भी तरह से विचार नहीं किया जाएगा।

आगे, अपलोड किए गए डेटा में सुधार के लिए कोई विंडो उपलब्ध नहीं कराई जाएगी। सही डेटा अपलोड करना संबंधित विद्यालय की जिम्मेदारी है। इसलिए, यह सुनिश्चित करें कि बोर्ड को प्रस्तुत विवरण सही हो जिससे कि अंतिम तिथि तक कार्य पूरा हो सके।
यह उपरोक्त मुद्दे पर सीबीएसई द्वारा जारी किया गया तीसरा अनुस्मारक है। उम्मीद है कि स्कूल इसे गंभीरता से लेंगे और अपनी अभ्यर्थी सूची प्रस्तुति का कार्य सही-सही और समय पर पूरा करेंगे।

भवदीय,

हस्ता/-
(डॉ. संयम भारद्वाज)
परीक्षा नियंत्रक

प्रति: वेबप्रबंधक को सीबीएसई वेबसाइट पर संस्थापित करने के अनुरोध सहित।

"शिक्षा केन्द्र", 2, सामुदायिक केन्द्र, प्रीत विहार, दिल्ली-110092
"SHIKSHA KENDRA" 2, COMMUNITY CENTRE, PREET VIHAR, DELHI-110092
Phone (off.) : 011-22509256-59, 22041807-08, Website: www.cbse.gov.in, www.cbse.nic.in